Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
WAVES WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT Connecting Creators, Connecting Countries.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप के अंतिम दौर में पहुंचने वालों की घोषणा की गई

## 'रचनात्मकता और फैंडम संस्कृति का उत्सव'

Posted On: **16 APR 2025 2:01PM** | Location: **PIB Delhi**

पिछले शनिवार को माइंडस्पेस सोशल में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) कॉस्प्ले चैंपियनशिप मीटअप के आयोजन के समय हैदराबाद शहर में रचनात्मकता और प्रशंसकों की धूम रही। एमईएआई, इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन और क्रिएटर्स स्ट्रीट की ओर से आयोजित, एपिको-कॉन द्वारा संचालित, और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, टीवीएजीए तथा फॉरबिडन वर्स के सहयोग से यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी, जो पूरे सप्ताहांत में कॉस्प्ले समुदायों और एनीमे मंचों पर एक ट्रेंडिंग विषय बन गया।

अब, हैदराबाद और मुंबई में एक गहन राष्ट्रव्यापी खोज और कई हाई-एनर्जी मीटअप के बाद, आयोजकों ने 29 सबसे प्रतिभाशाली कॉस्प्लेर्स के नाम उजागर किए, जिन्होंने वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप के अंतिम चरण में अपनी जगह बनाई है। चैंपियनशिप के अंतम दौर में पहुंचने वाली ये प्रतिभाएं (फाइनलिस्ट) वेव्स 2025 के दौरान क्रिएटोस्फीयर में अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगी।

फॉरबिडन वर्स के संस्थापक और कॉस्प्ले कार्यक्रम के आयोजकों में से एक अजय कृष्ण ने कहा कि इस चैम्पियनशिप को अन्य प्रतियोगिताओं से अलग बनाने वाली बात यह है कि इसे विशेष रूप से भारतीय पौराणिक कथाओं और पॉप संस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, साथ ही अन्य लोकप्रिय पात्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिन्हें अन्य ऐसे आयोजनों में नियमित रूप से चित्रित किया जाता है।

वेव्स में मुख्य चैंपियनशिप से पहले अगला आयोजन 19 अप्रैल को मुंबई वाइल्डकार्ड मीटअप है। इस कार्यक्रम में, फाइनलिस्ट में चुनिंदा वाइल्डकार्ड एंट्रीज जोड़ी जाएंगी, जिससे अप्रत्याशित प्रतिभा सामने आएगी और प्रतियोगिता पूरी तरह से नए स्तर पर पहुंच जाएगी। आश्चर्य, तीव्रता और विश्व स्तरीय कॉस्प्ले से भरी चैंपियनशिप के लिए तैयार हो जाइए!

**आधिकारिक तौर पर अंतिम दौर में पहुंचने वाले (फाइनलिस्ट):**

1. कैज़ादशेशबरदारन - मुंबई
2. पुनीत वी – बेंगलुरु
3. शेख समीर कलीम – लातूर
4. तेजल संजय मुलिक – मुंबई
5. अनूप भाटिया – पुणे
6. नवदीप सिंह पन्नू- मुंबई
7. आकाशी गौतम – लखनऊ

8. आदित्य कालेबेरे – पुणे
9. स्वराज कालेबेरे – पुणे
10. श्रीहर्ष नरवड़े – पुणे
11. विवेक दिलीप मने – पुणे
12. ईशा जोशी – मुंबई
13. केदार पंडित – मुंबई
14. आर्शीदेवरी – गुवाहाटी
15. मार्शी देवरी – गुवाहाटी
16. एमडी पियाल शेख – मुंबई
17. प्रणय पानपाटिल – मुंबई
18. गौरव विश्वकर्मा – पुणे
19. अखिल – हैदराबाद
20. स्टेया – हैदराबाद
21. नुपूर मुंडा – हैदराबाद
22. नक्षत्र – हैदराबाद
23. रुचिरा कोरोलिन – हैदराबाद
24. सोनाली – हैदराबाद
25. नीरज कुमार – हैदराबाद
26. श्रावणी – हैदराबाद
27. अखिल सी.एच. – हैदराबाद
28. नयना साईं श्री – हैदराबाद
29. लीलाधर – हैदराबाद

चैंपियनशिप के अंतिम दौर में पहुंचने वालों (फाइनलिस्ट) का चयन उनकी शिल्पकला, मौलिकता, प्रदर्शन और चरित्र प्रामाणिकता के प्रति समर्पण के आधार पर किया गया।

**वेव्स के बारे में**

'प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इसका आयोजन भारत सरकार 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में करेगी।

चाहे आप उद्योग पेशेवर, निवेशक, निर्माता या नवप्रवर्तक हों, यह शिखर सम्मेलन एम एंड ई परिदृश्य में जुड़ने, सहयोग करने, नवप्रवर्तन करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ाएगा। इसके फोकस में प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, संवर्धित वास्तविकता (एआर), आभासी वास्तविकता (वीआर), और विस्तारित वास्तविकता (एक्सआर) जैसे उद्योग और क्षेत्र शामिल हैं।

क्या आपके कोई प्रश्न हैं? उत्तर **यहां** पाएं

**पीआईबी टीम वेव्स** की नवीनतम घोषणाओं से अपडेट रहें

आओ, हमारे साथ चलें! वेव्स के लिए **अभी रजिस्टर करें**

***

PIB TEAM WAVES 2025 | एमजी/केसी/एके/ओपी

**Release ID:** (Release ID: 2122089) | **Visitor Counter:** 240

Read this release in: Khasi , English , Gujarati , Urdu , Nepali , Marathi , Bengali , Assamese , Manipuri , Punjabi , Odia , Tamil , Telugu , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF